# सीएम भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार संवेदनशीलता से कर रही नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान

## राजस्थान संपर्क पोर्टल प्रदेशवासियों के भरोसे और संवाद का बना विश्वसनीय मंच

## हेल्पलाइन 181 के माध्यम से जनता की समस्याओं की नियमित सुनवाई

-: विशेष आलेख :-


FILE PHOTO

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार संवेदनशीलता के साथ प्रदेशवासियों की समस्याओं का समाधान कर रही है। लोगों की सहायता के लिए स्थापित राजस्थान सम्पर्क पोर्टल की हेल्पलाइन 181 आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण का एक बेहतरीन मंच साबित हो रही है। यह पोर्टल (हेल्पलाइन 181) प्रदेशवासियों और राज्य सरकार के बीच संवाद और समाधान के सोपान का अनूठा माध्यम बनता जा रहा है। यह प्रणाली एक ही प्लेटफॉर्म पर सुगम, सरल, पारदर्शी और त्वरित राहत का एक जरिया बनकर उभर रही है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा समय-समय पर स्वयं हेल्पलाइन 181 कॉल सेंटर पर पहुंच कर आमजन की समस्याओं को सुनते हैं और उनके त्वरित निस्तारित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश भी देते हैं। राजस्थान संपर्क के माध्यम से प्रदेश में आमजन की शिकायत निवारण और राज्य सरकार के विभागों से संबंधित जानकारी प्रदान करने का मजबूत तंत्र विकसित हुआ है। यह हेल्पलाइन एक एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली के रूप में कार्य करते हुए ऑनलाइन माध्यम से तय समय सीमा में शिकायतों और सवालों को सम्बंधित विभागों तक पहुंचाती है। साथ ही, नागरिकों को इस संबंध में लगातार अपडेट करते हुए, उनसे फीडबैक भी लेती है। राजस्थान सम्पर्क द्वारा प्रतिदिन लोगों की समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है।

### आवश्यक दस्तावेज सम्बन्धी समस्या का समयबद्ध समाधान

हनुमानगढ़ निवासी प्रभुराम के जाति प्रमाण पत्र से जुड़ी समस्या का समाधान राजस्थान संपर्क के माध्यम से समयबद्ध रूप से हुआ। जब राजस्व विभाग द्वारा जाति प्रमाण पत्र जारी करने में विलम्ब हुआ तो 11 अक्टूबर 2025 को शिकायत दर्ज की गई। शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए राजस्व विभाग ने 13 अक्टूबर 2025 को जाति प्रमाण पत्र जारी कर दिया। परिवाद के सत्यापन के दौरान शिकायतकर्ता ने संतुष्टि दर्ज कराते हुए धन्यवाद भी व्यक्त किया। इसी तरह कोटा निवासी शिवानी रजत के जनआधार में आय प्रमाण पत्र अपडेट नहीं होने से काम अटका हुआ था। 25 नवम्बर 2025 को यह समस्या राजस्थान संपर्क पर दर्ज की गई और वहीं से समाधान की प्रक्रिया ने गति पकड़ी। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए 28 नवम्बर 2025 को आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा जनआधार अपडेट कर दिया गया।

### सफाई की शिकायत, तुरंत कार्रवाई

बीकानेर निवासी गोविंद सिंह ने जब अपने क्षेत्र में सफाई नहीं होने की समस्या को लेकर 11 दिसम्बर 2025 को राजस्थान सम्पर्क हेल्पलाइन 181 पर शिकायत दर्ज कराई तो उन्हें तुरंत जवाब मिला। नगरपालिका बीकानेर ने तुरंत कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में सफाई करवाकर समस्या का निस्तारण किया। यही नहीं, अंता (बारां) निवासी रवि की कॉलोनी में नाले का गंदा पानी सड़क पर बहने लगा था, जिससे परेशानी बढ़ती जा रही थी। 2 दिसम्बर 2025 को यह समस्या राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज हुई और समाधान भी तुरंत हुआ। शिकायत मिलते ही नगर पालिका, बारां ने उसी दिन बताए गए स्थान पर सफाई करवाई। शिकायतकर्ता से संवाद कर निस्तारण का सत्यापन भी किया गया।

### खेत तक पहुंची रोशनी, कृषक को मिली राहत

भीलवाड़ा जिले के जहाजपुर निवासी श्यामलाल के खेत पर एक महीने तक बिजली आपूर्ति बाधित होने से कृषि संबंधी कार्य बाधित हो रहा था। 26 नवम्बर 2025 को यह समस्या राजस्थान संपर्क पर दर्ज हुई। शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने 28 नवम्बर 2025 को खेत पर बिजली आपूर्ति सुचारु कर दी।

### सुविधाओं का सुचारू संचालन हुआ सुनिश्चित

सलूम्बर के बामनिया निवासी महेश कुमार के क्षेत्र में पाइपलाइन टूट जाने से जल आपूर्ति प्रभावित हो रही थी। कई बार सूचना देने के बाद भी समस्या जस की तस बनी रही, तब 5 दिसम्बर 2025 को यह शिकायत राजस्थान संपर्क पर दर्ज की गई। शिकायत मिलते ही जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सक्रिय हुआ और 7 दिसम्बर 2025 को संबंधित उपखंड के सहायक अभियंता द्वारा टूटी पाइपलाइन को ठीक करवा दिया गया। ऐसा ही एक मामला सवाईमाधोपुर जिले के बोली क्षेत्र में देखने को मिला, जब सार्वजनिक हैंडपंप खराब होने से पेयजल समस्या उत्पन्न हो गई। स्थानीय निवासी दिनेश कुमार ने 12 अक्टूबर 2025 को यह शिकायत राजस्थान संपर्क पर दर्ज कराई और प्रशासन ने तुरंत संज्ञान लिया। अगले ही दिन, 13 अक्टूबर 2025 को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा हैंडपंप को ठीक करवा दिया गया।

उपरोक्त सभी उदाहरण यह साबित करते है कि जब नागरिक अपनी समस्या सही मंच तक पहुंचाते हैं, तो प्रशासन भी उतनी ही संवेदनशीलता और तत्परता से समाधान सुनिश्चित करता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा संचालित राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन नागरिक और सरकार के बीच विश्वास की वह कड़ी है, जहां हर शिकायत सिर्फ सुनी नहीं जाती, बल्कि जमीनी स्तर पर कार्रवाई के साथ उसका समाधान किया जाता है। यही जनसेवा की सच्ची पहचान है।

# सोलहवीं राजस्थान विधानसभा का पंचम अधिवेशन 28 जनवरी से

## लगभग एक महीने तक चलने वाले इस अधिवेशन में राज्य का बजट भी प्रस्तुत होगा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** सोलहवीं राजस्थान विधानसभा का पंचम अधिवेशन बुधवार 28 जनवरी से शुरू होगा। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि विधान सभा के इस अधिवेशन के संबंध में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने अधिसूचना जारी कर दी है।

**लगभग एक महीने तक चलने वाले इस सत्र में राज्य का बजट भी प्रस्तुत होगा:-** देवनानी ने बताया कि लगभग एक महीने तक यह सत्र चलेगा। सत्र की शुरुआत राज्यपाल के अभिभाषण से होगी। इस सत्र में राज्य सरकार द्वारा राज्य का बजट भी पेश किया जाएगा।

**जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा:-** विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि सत्र के दौरान राज्य के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों, विधायी कार्यों एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। साथ ही प्रश्न, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, विशेष उल्लेख प्रस्ताव और स्थगन प्रस्ताव जैसे संसदीय कार्य भी संपादित होंगे।

**सर्वदलीय बैठक:-** विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी सोलहवीं राजस्थान विधान सभा के पंचम अधिवेशन से पूर्व विधान सभा में सर्वदलीय बैठक भी बुलायेंगे। राजस्थान विधान सभा में अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने ही सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाये जाने की पहल की है। विधान सभा के इतिहास में यह महत्वपूर्ण नवाचार है।

# जनभागीदारी एवं सहयोग से होगा सेना दिवस परेड का ऐतिहासिक आयोजन

## जिला कलक्टर ने व्यापारिक, औद्योगिक एवं सामाजिक संगठनों से सहभागिता की अपील

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**जयपुर।** जयपुर में 8 जनवरी से 15 जनवरी 2026 तक आयोजित होने जा रही सेना दिवस परेड-2026 के दिव्य, भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। इस संबंध में सोमवार को आयोजित समन्वय बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने व्यापार संघों, औद्योगिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, गैर सरकारी संगठनों तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से सक्रिय सहयोग और व्यापक भागीदारी का आह्वान किया।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने कहा कि जयपुर में होने वाले सभी बड़े आयोजनों में व्यापार एवं सामाजिक संगठनों की भूमिका सदैव अहम रही है। जिला प्रशासन को हर अवसर पर इन संगठनों का सक्रिय समर्थन और सहयोग प्राप्त होता रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सेना दिवस परेड-2026 के दौरान भी सभी संघ-संगठन अपने-अपने स्तर पर योगदान देंगे और आयोजन को सफल बनाने में सहभागी बनेंगे। उन्होंने कहा कि सेना दिवस परेड केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश की सेना के शौर्य, अनुशासन और बलिदान के प्रति सम्मान प्रकट करने का अवसर है। इस आयोजन के माध्यम से आमजन, विशेषकर युवाओं में राष्ट्र प्रेम, अनुशासन और देश सेवा की भावना को प्रोत्साहित किया जाएगा। ऐसे में समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता आवश्यक है।

बैठक में जयपुर व्यापार संघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल ने कहा कि राजधानी जयपुर में सेना दिवस परेड का भूतो ना भविष्यति आयोजन प्रदेशवासियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि व्यापार एवं औद्योगिक संगठनों की ओर से आयोजन में हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। साथ ही व्यापार संघ आम नागरिकों को भी कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित करेंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग सेना के पराक्रम से रूबरू हो सकें।

बैठक में आयोजन की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि 9, 11, 13 एवं 15 जनवरी को जगतपुरा स्थित महल रोड पर प्रातः 7 बजे से सेना दिवस परेड का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सेना के विभिन्न दलों द्वारा पराक्रम, अनुशासन और कौशल का प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं 10 एवं 15 जनवरी को सायं 4:30 बजे से सवाई मानसिंह स्टेडियम में शौर्य संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सैन्य बैंड, सांस्कृतिक कार्यक्रम और साहसिक प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इसके अतिरिक्त 9 जनवरी से 12 जनवरी तक सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन परिसर में प्रातः 9.30 बजे से सायं 6 बजे तक 'अपनी सेना को जानिए' कार्यक्रम एवं अत्याधुनिक हथियार प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। इस प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन को भारतीय सेना की कार्यप्रणाली, आधुनिक उपकरणों एवं रक्षा क्षमताओं की जानकारी दी जाएगी।

बैठक में महासंघ के महासचिव सुरेश सैनी, सेंट्रल स्पाइन व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजय अग्रवाल, ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजन सिंह सहित विभिन्न व्यापार संघों, औद्योगिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, गैर सरकारी संगठनों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और आयोजन में सहयोग का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर मुकेश कुमार मूंड, युगांतर शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर प्रभारी मंत्री गहलोत का अभिनंदन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**झुंझुनूं।** जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत के जयपुर स्थित निवास पर भाजपा नेता एवं विप्र समाज राजस्थान के वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश बसावतिया के नेतृत्व में झुंझुनूं से पहुंची एक प्रतिनिधि टीम द्वारा उनका गरिमामय अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पार्टी की सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने की खुशी में मंत्री गहलोत को माला, दुपट्टा, गुलदस्ता, प्रतीक चिह्न भेंट कर तथा मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी गई।

प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सरकार द्वारा विगत दो वर्षों में किए गए अभूतपूर्व विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं निरंतर समर्पण भाव से किए जा रहे कार्यों के लिए प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया। टीम सदस्यों ने कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में प्रदेश ने विकास की नई दिशा प्राप्त की है। जिससे आमजन को सीधा लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर प्रदेश संरक्षक राष्ट्रीय सैनी सभा व भाजपा नेता जगदीशप्रसाद सैनी, सुमेरसिंह कड़वासरा, रतनलाल हलवाई, अब्दुल लतीफ खोखर समाजसेवी, इश्तियाक सैयद व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सभी ने प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत का आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल नेतृत्व और भविष्य की विकास योजनाओं के प्रति विश्वास जताया। यह कार्यक्रम सौहार्द, उत्साह और गौरवपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। जिसने भाजपा सरकार के सफल दो वर्षों की उपलब्धियों को रेखांकित किया।

# कंबल वितरण अभियान झुंझुनूं के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी पहुंचा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** नव वर्ष में कंबल वितरण अभियान झुंझुनूं के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी पहुंच गया है।

मलसीसर की आसपास एरिया में सोमवार को श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्थान के तत्वावधान में झुंझुनूं निवासी स्वर्गीय शारदा देवी मंगतूराम जालान की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र देवेंद्र जालान मुंबई के सौजन्य से जरूरतमंदों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल वितरण किए गए। इस अवसर पर कंबल वितरण कार्यक्रम में मलसीसर पंजीयन बाबू सुनिल गढ़वाल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सहयोग किया।

जानकारी देते हुए श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि पिछले माह दिसंबर में हजारों की संख्या में जगह-जगह जाकर उनके द्वारा जरूरतमंद लोगों को विभिन्न उदारमना दानदाताओं के सौजन्य से कंबल वितरण किया गया था ।जो कि अब ग्रामीण इलाकों में भी किया जा रहा है यह कार्य 14 जनवरी तक चलेगा।

# डूमरा में टेंट व्यवसायियों की बैठक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** रविवार को टेंट यूनियन के अध्यक्ष राजेंद्र फौजी की अध्यक्षता में डूमरा ब्लॉक में कुमावास में टैंट व्यवसायियों की मीटिंग हुई। जिसमें की वार्षिक सदस्यता शुल्क रजिस्ट्रेशन शुल्क की रशीद काटी गई है। इसमें जिला स्तर और ब्लॉक स्तर 2100 रूपए रसीद काटी गई। इस मीटिंग में सचिव रतनलाल शर्मा, उपाध्यक्ष गजानन लालपुरिया, महिपाल, उमेश, विनोद, राजपाल, रोशन, शीशराम, लीलाधर, उमेश, महेश, आशीष, बीजू, बनवारी, रणवीर, मुकेश, हरिसिंह, महिपाल आदि मौजूद थे। इस मीटिंग के अंतराल पीछे दो कर्मचारी की एक्सीडेंट में मृत्यु होने पर उनके परिवार को आर्थिक सहायता के रूप में डूमरा टीम ने आर्थिक सहायता के रूप में 11 हजार रूपए का चैक जिला टीम को सुपुर्द किया। इस मीटिंग के दौरान एक यह निर्णय लिया कि जिस पार्टी का पहले का पेमेंट किसी टेंट का बाकी है तो उसे पार्टी के किसी भी प्रोग्राम में कोई भी टेंट वाला टेंट नहीं लगाएगा। यह यूनियन का फैसला लिया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष...कलेक्टर के आदेश...

विंटर वेकेशन (सर्दियों की छुट्टियां) 25 दिसंबर से 4 जनवरी तक चलने के बाद बच्चे घने कोहरे और शीतलहर के कारण सोमवार को ठिठुरते हुए स्कूल पहुंचे। जयपुर में शहर में कोहरे का असर दोपहर 2 बजे तक रहा। दोपहर बाद कुछ इलाकों में हल्की धूप निकली, लेकिन सर्द हवा से ठिठुरन रही। इसे देखते हुए जयपुर कलेक्टर ने कक्षा प्राइमरी से 5वीं तक के बच्चों के लिए 10 जनवरी तक और कक्षा 6 से 8 वीं तक के बच्चों के लिए 8 जनवरी तक छुट्टियां घोषित कर दी।

## आंधप्रदेश में तेल कुंए ..

में घने कोहरे की तरह फैल गया। स्थानीय प्रशासन ने तुरंत पास के गांव खाली करवा लिए। कई लोग पहले ही घरों से भाग गए। वे अपने मवेशियों को भी सुरक्षित जगह पर ले गए। लोगों से बिजली का इस्तेमाल न करने, बिजली के उपकरण चालू न करने और चूल्हा न जलाने को कहा गया है। ओएनजीसी के कर्मचारी लीक को कंट्रोल करने और आग बुझाने के लिए मौके पर मौजूद थे। अधिकारियों ने पूरे इलाके को घेर लिया और हालात पर नजर बनाए हुए हैं। लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

## दौसा में भी सड़क हादसा...

हादसे के बाद हाईवे पर लकड़ियां बिखर गईं, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। मंडावरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। और दुर्घटनाग्रस्त बस, जुगाड़ और सड़क पर बिखरी लकड़ियों को हटवाकर यातायात सुचारू कराया। दोनों हादसों के बाद प्रशासन ने सर्द मौसम में वाहन सावधानी से चलाने की अपील की है।

## टायफाइड को लेकर...

रविवार को शाह ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ टेलीफोनिक चर्चा की और उन्हें निर्देश दिया कि टायफाइड से प्रभावित बच्चों और नागरिकों को त्वरित और सही चिकित्सा मिले। उन्होंने लीक की तत्काल मरम्मत और प्रभावित क्षेत्रों में गहन निरीक्षण का आदेश दिया है।

**75 टीमों ने किया सर्वे:** सरकार के अनुसार, गांधीनगर में टायफाइड मामलों के मद्देनजर 75 स्वास्थ्य टीमों द्वारा गहन स्वास्थ्य प्रबंधन और सर्वेक्षण कार्य किया गया है। नगर निगम की सर्वेक्षण टीमों ने अब तक 20,800 से अधिक घरों का निरीक्षण किया है और 90,000 से अधिक लोगों को कवर किया है। रोकथाम के उपाय के तहत 30,000 क्लोरीन टैबलेट और 20,6 00 ओआरएस पैकेट वितरित किए गए हैं। सर्वेक्षण टीमें लोगों से घर-घर संपर्क कर जागरूकता पत्रक वितरित कर रही हैं और उन्हें पानी उबालने, बाहर का खाना न खाने और हाथ साफ रखने के लिए कह रही हैं। बीमारी के फैलाव को रोकने के लिए पानी की 'सुपर क्लोरीनेशन' की प्रक्रिया को तेज किया है। प्रभावित क्षेत्रों में पाइपलाइन में पाए कुछ लीकेज का भी तुरंत मरम्मत किया है।

# न्यूज ब्रीफ

## रक्तदान शिविर आज

**झुंझुनूं।** अयोध्या गौशाला सेवा समिति कालेरा का बास (जैतपुरा) के द्वारा छह जनवरी मंगलवार को स्व. अनीश कालेर की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर पिता हनुमान सिंह द्वारा गौशाला के लिए भूमि दान तथा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रक्तदान शिविर में सीकेआरडीएम ब्लड सेंटर की ओर से होगा और इसी सेंटर की टीम रक्त संग्रहित करेगी।

## उदयपुर सिटी-खजुराहो-उदयपुर सिटी रेलसेवा रीस्टोर रहेगी

**जयपुर।** उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मण्डल पर वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 3 पर तकनीकी कार्य के अन्तर्गत नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के कारण पूर्व में आंशिक रद्द रेलसेवा को रीस्टोर किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 19666, उदयपुर सिटी-खजुराहो रेलसेवा 5 जनवरी से उदयपुर सिटी से अपने निर्धारित मार्ग एवं समय सारणी अनुसार ही संचालित होगी। गाडी संख्या 19665, खजुराहो-उदयपुर सिटी रेलसेवा 7 जनवरी से खजुराहो से अपने निर्धारित मार्ग एवं समय सारणी अनुसार ही संचालित होगी।

## आगरा फोर्ट-अजमेर प्रतिदिन एक्सप्रेस रेलसेवा का दो स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन

**जयपुर।** रेलवे द्वारा आगरा फोर्ट-अजमेर प्रतिदिन एक्सप्रेस रेलसेवा का मार्ग के खेडली एवं मंडावर महवा रोड स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 22988, आगरा फोर्ट-अजमेर प्रतिदिन एक्सप्रेस रेलसेवा जो 5 जनवरी से आगरा फोर्ट से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा का मार्ग के खेडली स्टेशन पर परिवर्तित समय 16.10 बजे आगमन व 16.12 बजे प्रस्थान तथा मंडावर महवा रोड स्टेशन पर परिवर्तित समय 16.28 बजे आगमन व 16.30 बजे प्रस्थान करेगी।

## खजुराहो-उदयपुर सिटी-खजुराहो प्रतिदिन एक्सप्रेस रेलसेवा का बिजयनगर स्टेशन पर ठहराव

**जयपुर।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु खजुराहो-उदयपुर सिटी-खजुराहो प्रतिदिन एक्सप्रेस रेलसेवा का बिजयनगर स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर आगामी आदेशों तक ठहराव दिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 19665, खजुराहो-उदयपुर सिटी प्रतिदिन एक्सप्रेस रेलसेवा 8 जनवरी से बिजयनगर स्टेशन पर 02.04 बजे आगमन व 02.06 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 19666, उदयपुर सिटी-खजुराहो प्रतिदिन एक्सप्रेस रेलसेवा 8 जनवरी से बिजयनगर स्टेशन पर 02.00 बजे आगमन व 02.02 बजे प्रस्थान करेगी।

## स्वर्ण जयंती राजधानी एक्सप्रेस रेलसेवा में एक थर्ड एसी श्रेणी डिब्बें की अस्थाई बढोतरी

**जयपुर।** रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु साबरमती-नई दिल्ली-साबरमती स्वर्ण जयंती राजधानी एक्सप्रेस रेलसेवा में 1 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 12957/12958, साबरमती-नई दिल्ली स्वर्ण जयंती राजधानी एक्सप्रेस रेलसेवा में साबरमती से 7 से 31 जनवरी तक एवं नई दिल्ली से 8 जनवरी से 1 फरवरी तक 1 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। इस बढोतरी के पश्चात् इस रेलसेवा में 1 फर्स्ट एसी, 5 सैकण्ड एसी, 13 थर्ड एसी, 1 पेंट्रीकार, 2 पॉवरकार व 1 पार्सल यान सहित कुल 23 डिब्बे होगे।

## जोधपुर-भोपाल-जोधपुर प्रतिदिन एक्सप्रेस रेलसेवा का ढींढा स्टेशन पर ठहराव

**जयपुर।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु जोधपुर-भोपाल-जोधपुर प्रतिदिन एक्सप्रेस रेलसेवा का ढींढा स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर आगामी आदेशों तक ठहराव दिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 14813, जोधपुर-भोपाल प्रतिदिन एक्सप्रेस रेलसेवा जो 7 जनवरी से जोधपुर से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा ढींढा स्टेशन पर 16.01 बजे आगमन व 16.02 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 14814, भोपाल-जोधपुर प्रतिदिन एक्सप्रेस रेलसेवा जो 7 जनवरी से भोपाल से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा ढींढा स्टेशन पर 10.53 बजे आगमन व 10.54 बजे प्रस्थान करेगी।

## मुस्लिम न्याय मंच ने चाइनीज मांझा की रोक के लिए दिया ज्ञापन

**झुंझुनूं।** मुस्लिम न्याय मंच के बैनर तले जिला कलेक्टर को चाइनीज मांझा की रोक के लिए ज्ञापन दिया गया। झुंझुनूं कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि चाइनीज मांझा की बिक्री झुंझुनूं में हुई तो उन पर निश्चित तौर पर कार्यवाही होगी। इसके लिए नगरपरिषद आयुक्त को सख्त निर्देश दिए। मुस्लिम न्याय मंच के अध्यक्ष इमरान बड़गुजर ने बताया कि मकर संक्रांति के कुछ ही दिन बाकी है और झुंझुनूं में चाइनीज मांझा की बिक्री बहुत तेजी से हो रही है। ये मांझा इंसान और पशु पक्षियों के लिए जानलेवा है। इसकी रोक के लिए प्रशासन को सख्त से सख्त कदम उठाना चाहिए। मुस्लिम न्याय मंच के सह सचिव इश्तियाक कुरैशी ने बताया कि झुंझुनूं में इनके भंडार है। उन पर प्रशासन को छापामार कार्यवाही करना चाहिए। इस अवसर पर मुस्लिम न्याय मंच के सचिव यूनुस रंगरेज, अब्दुल लतीफ खानजादा, जमील कुरैशी, ओसामा सैय्यद व सहदेव कस्वां मौजूद थे।

Godrej Finance Limited
Godrej | FINANCE
A Godrej Capital Company

पब्लिक नोटिस

**भारतीय रिजर्व बैंक (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां – शाखा प्राधिकरण) निर्देश, 2025 के अनुच्छेद 11 और भारतीय रिजर्व बैंक (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां – जिम्मेदार व्यवसाय आचरण) निर्देश, 2025 के अनुच्छेद 102 के अनुसार 'गोदरेज फाइनेंस लिमिटेड' द्वारा सार्वजनिक सूचना**

गोदरेज फाइनेंस लिमिटेड (जिसे आगे "कंपनी" या "जीएफएल" कहा गया है) कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत रजिस्टर्ड एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी (कॉरपोरेट पहचान संख्या: U67120MH1992PLC065457) है और भारतीय रिजर्व बैंक (सीओआर संख्या: 13.00368) के साथ नॉन-डिपॉजिट लेने वाली नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी ("एनबीएफसी") के रूप में रजिस्टर्ड है। जीएफएल का रजिस्टर्ड ऑफिस गोदरेज वन, पिरोजशानगर, ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, विक्रोली (पूर्व), मुंबई - 400079, महाराष्ट्र में स्थित है।

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि परिचालन कारणों से, वर्तमान में 601 – A&B, 6th फ्लोर, केजे सिटी टॉवर, E-2, अशोक मार्ग, C स्कीम, जयपुर - 302001, राजस्थान पर स्थित कंपनी की ब्रांच ऑफिस, इस सूचना की तिथि से 3 माह के भीतर, यूनिट नंबर – 301 – 304, 3rd फ्लोर, मैन उपासना प्लाजा, प्लॉट नंबर C-44, सरदार पटेल मार्ग, C स्कीम, अशोक नगर, जयपुर - 302001, राजस्थान पर स्थानांतरित की जाएगी।

ग्राहक अपने सभी प्रश्न customercare@godrejcapital.com पर भेज सकते हैं।

इस संबंध में किसी भी प्रकार की स्पष्टीकरण या पूछताछ के लिए, इस सूचना की तिथि से 30 (तीस) दिनों के भीतर, कंपनी के रजिस्टर्ड ऑफिस के पते पर श्री योगेश जैन, मुख्य अनुपालन अधिकारी से संपर्क करें या gfl.compliance@godrej-finance.com पर लिखें।

हस्ताक्षरित/-
गोदरेज फाइनेंस लिमिटेड की ओर से

स्थान: जयपुर
तिथि: 06/01/2026